दूरदर्शन और सी० एन० एन० के बीच हुआ समझौता

2113. **श्री अजीत जोगी** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में संयुक्त कार्यक्रमों का प्रसारण करने के संबंध में दूरदर्शन का सी० एन० एन० के साथ कोई समझौता हुआ है ;

(ख) क्या सरकार ने संयुक्त उद्यम के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) और (ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

दूरदर्शन और विदेशी टी० वी० कंपनियों के बीच हुआ समझौता

2114. **श्री अजीत जोगी** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्या दूरदर्शन ने कुछ विदेशी केबल टी० वी० फिल्म कंपनियों के साथ समझौते किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन समझौतों के फलस्वरूप दूरदर्शन कार्यक्रमों की गुणवत्ता में कहां तक सुधार होने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

Disparity in News on Plague Outbreak

2115. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there was great disparity in figures of loss of life due to the outbreak of plague in the country in the month of September, 1994 given on electronic media and other agencies of the country;

(b) whether it is also a fact that electronic media of the country played a major role in intensifying the severity of the epidemic in the country; and

(c) if so, the comparative figures and reasons of disparity?

THE MINISTER OF STATE TN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) to (c) Government is not aware of the basis on which other agencies based their reports, however, the news bulletins of All India Radio and Doordarshan mentioned the figures of loss of life as confirmed by official sources. They also took all due care to ensure that while no panic was created the public recognised the need for taking adequate precautions.

मेरठ में आकाशवाणी/दूरदर्शन केन्द्रों की स्थापना किया जाना

2116. **श्रीमती मालती शर्मा** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में मेरठ को छोड़कर प्रत्येक महानगर में दूरदर्शन और आकाशवाणी के केन्द्र हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि मेरठ में दूरदर्शन और आकाशवाणी के केन्द्रों की स्थापना किए जाने के बारे में समय-समय पर मांग की जाती रही है ;

(ग) यदि हां, तो क्या मेरठ में उक्त केन्द्रों की स्थापना किए जाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन हैं ; और

(घ) इन केन्द्रों के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, हां ।

(ख) से (ग) राज्यों की राजधानियों के अतिरिक्त, आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र स्थापित करने के लिए शहर की प्रस्थिति मुख्यतया विचारणीय नहीं है । मेरठ आकाशवाणी, दिल्ली एवं दूरदर्शन ट्रांसमीटर मसूरी के कवरेज क्षेत्र के अन्दर सुस्थित है । विगत में इस सम्बध में कोई मांग नहीं की गयी है ।

दिल्ली दूरदर्शन चैनल तीन की शुरुआत

2117. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार काफी लंबे समय से दिल्ली दूरदर्शन चैनल–3 की शुरूआत के बारे में घोषणा करती आ रही है लेकिन अंतिम समय में इसे टाल दिया जाता है ; और

(ख) दिल्ली दूरदर्शन चैनल–3 के टालने के पीछे क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, नहीं । तथापी, डी० डी० –3 चैनल की कार्यक्रम रूप-रेखा को अन-